घर पर राम ध्वजा लहराती है | By Kumaar Mukesh

बन गया है राम का मंदिर दुनिया हर्षाती है
मेरे घर के ऊपर राम तेरी ध्वजा लहराती है

कितने युगो के बाद राम प्रभु आये हैं
खुशियों के दीपक से हर घर जगमगाये है
मुख मंडल की शोभा प्यारी सबको हर्षाती है
मेरे घर के ऊपर राम तेरी ध्वजा लहराती है

हे रघुराई मेरे अवध बिहारी
राम रमैया तुम ही कृष्ण मुरारी
सारी दुनिया चरणों में तेरे प्रभु शीश झुकाती है
मेरे घर के ऊपर राम तेरी ध्वजा लहराती है

हर दु:ख को हर लेंगे राम रघुराई
राम प्रभु हर लेंगे पीड़ पराई
घर घर गूंजे जयकारा सारी दुनिया गाती है
मेरे घर के ऊपर राम तेरी ध्वजा लहराती है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%98%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a4%b0-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-kumaar-mu/